हरिभूमि
महासमुंद भूमि
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

# अनवरत बारिश से जिला तरबतर मुख्यालयवासियों को नहीं मिलेगा दो दिन पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गंगरेल बांध के सभी गेट खोले जाने से महानदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। इसका सीधा असर जिला मुख्यालय की पेयजल व्यवस्था पर पड़ा है। मुढ़ेना स्थित इंटेकवेल में जलस्तर बढ़ने के कारण मोटर नहीं चल पा रहे। इसके कारण फिल्टर प्लांट को पानी की आपूर्ति प्रभावित हो गई है। नगर पालिका के अनुसार स्थिति सामान्य नहीं होने पर शहर में अगले दो दिनों तक जल संकट की स्थिति बनी रह सकती है।

■ गंगरेल के पानी से महानदी का जलस्तर बढ़ा, इंटेकवेल की मोटर बंद, नही भर पाई शहर की पांचों टंकियां, दो दिन जलापूर्ति रहेगी बाधित

शहर को नगर पालिका द्वारा फिल्टर प्लांट के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जाती है। मुढ़ेना स्थित इंटेकवेल से पानी लेकर फिल्टर प्लांट में उसका शोधन किया जाता है। इसके बाद शहर की पांच प्रमुख पानी की टंकियों में पानी पहुंचाया जाता है और इन टंकियों से अलग-अलग वार्डों में जलापूर्ति होती है। इंटेकवेल में मोटर नहीं चलने से फिल्टर प्लांट तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

## पांचों टंकियों पर असर

इंटेकवेल से पानी नहीं मिलने के कारण शहर की पांचों टंकियां पर्याप्त रूप से नहीं भर पाई हैं। टंकियों में भंडारण नहीं होने से नियमित जलापूर्ति का पूरा सिस्टम प्रभावित हुआ है। सामान्य दिनों में टंकियों में पानी भरने के बाद निर्धारित समय के अनुसार वार्डों में सप्लाई की जाती है। लेकिन फिल्टर प्लांट तक पानी की आवक प्रभावित होने के कारण टंकियों का भराव भी रुक गया है।

## भरी बारिश में जलसंकट के आसार

ऐसी स्थिति में प्रभावित इलाकों में वैकल्पिक जलापूर्ति की व्यवस्था करना नगर पालिका के लिए चुनौती होगी। खासकर अधिक आबादी वाले क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता बनाए रखना जरूरी होगा। महानदी का जलस्तर कम होने और इंटेकवेल की मोटर दोबारा शुरू होने के बाद ही शहर की नियमित जलापूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य होने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### घर के सामने से बाइक चोरी

**महासमुंद।** घर के सामने खड़ी बाइक चोरी के मामले में बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को हाथीबाहरा निवासी भेखलाल चंद्राकर ने बताया कि 24 सितंबर की रात करीबन 09 बजे अपने पोल्ट्री फार्म से वापस घर आकर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीवी 6002 को घर के सामने खड़ा किया था। 25 सितंबर की सुबह 5 बजे देखा तो बाइक उक्त जगह पर नहीं थी, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2)-बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### मोबाइल खरीदने की बात पर बेटे ने की मां से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम कुड़ेकेल में मोबाइल खरीदने की बात को लेकर बेटे ने अपनी मां के साथ मारपीट कर दी। पुलिस को प्रार्थिया मंजू सिदार ने बताया कि 24 सितंबर की सुबह करीबन 08 बजे उसके बेटे डिलेश्वर सिदार ने मोबाईल खरीदने की बात को लेकर बहस करते हुए अचानक पास में रखे ईंट के टुकड़े से मार दिया। वहीं दूसरे दिन आरोपी ने प्रार्थिया की बहू सरिता सिदार के साथ भी मोबाईल लेने की बात को लेकर गाली गलौज किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### महिला के साथ देवर ने की मारपीट

**महासमुंद।** महिला और उसके पति के साथ मारपीट करने के मामले में बसना थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को वार्ड नं. 10 बसना निवासी यशोदा टंडन ने बताया कि 25 सितंबर की रात करीबन 7.30 बजे उसका देवर विदेशी टंडन घर में कंडेसर चेंज करने की बात पर से उसके पति कंचन टंडन से गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। जब प्रार्थिया बीच बचाव करने आई तो उसके साथ भी गाली गलौज करते हुए मापीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब की बिक्री युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब की अवैध बिक्री कर रहे एक युवक पर बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम उड़ेला का जनकलाल रात्रे अपनी बाड़ी में अवैध शराब को बिक्री करने के लिए रखा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचेकर उक्त व्यक्ति को पकड़ा। जिसने अपना नाम जनकलाल रात्रे पिता स्व कुमार रात्रे (26 वर्ष) उड़ेला होना बताया। आरोपी के कब्जे से कुल 07 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को बरामद किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## बारिश का कहर : महानदी का जलस्तर बढ़ा, तटीय गांव अलर्ट पर, नदी-नाले भी उफान पर

# बम्हनी में पानी से घिरी शराब दुकान से 2 सुरक्षाकर्मियों का किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में बीते दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित होने के साथ ही महानदी का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है। नदी-नाले उफान पर होने के चलते तटीय गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। गंगरेल बांध के 21 गेटों में से 12 गेट खोले जाने के बाद महानदी में पानी का प्रवाह लगातार बढ़ रहा है। इसे देखते हुए प्रशासन ने महानदी किनारे बसे करीब तीन दर्जन गांवों में अलर्ट जारी किया है। निचले इलाकों में प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है।

जिला मुख्यालय से करीब 7 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बम्हनी में स्थित सरकारी शराब दुकान चारों ओर से बाढ़ के पानी से घिर गई। दुकान की सुरक्षा में तैनात दो सुरक्षाकर्मी छगन लाल कुर्रे और ईत कुमार टंडन बढ़ते पानी के बीच फंस गए। बाहर निकलने का रास्ता बंद होने और लगातार बढ़ते जलस्तर के बीच दोनों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी स्थिति की जानकारी दी।

### महानदी किनारे के गांवों के लोगों को किया गया अलर्ट

महानदी का जलस्तर बढ़ने और लगातार बारिश को देखते हुए नदी किनारे बसे करीब तीन दर्जन गांवों में प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। ग्रामीणों को नदी-नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी गई है। स्थिति बिगड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। प्रशासन और राहत-बचाव दल निचले इलाकों तथा नदी किनारे बसे गांवों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। लगातार बारिश के कारण जिले में जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई है। नदी-नालों में पानी का प्रवाह बढ़ने से आवागमन और सामान्य गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। महानदी के बढ़ते जलस्तर ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। मौसम का दौर इसी तरह जारी रहा तो नदी किनारे और निचले इलाकों में जलस्तर और बढ़ने की आशंका है।

## महानदी में बाढ़ के बीच इंटेकवेल में फंसे दो कर्मचारियों का सफल रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

लगातार हो रही बारिश और एनीकट से पानी छोड़े जाने के कारण महानदी का जलस्तर बढ़ गया। बाढ़ का पानी मुंढ़ेना स्थित इंटेकवेल तक पहुंचने से इंटेकवेल में ड्यूटी पर तैनात नगर पालिका के दो कर्मचारी तुलाराम रात्रे और हीरालाल पटेल इंटेकवेल में फंस गए। दोनों कर्मचारी पूरी रात भूखे-प्यासे बाढ़ के बीच फंसे रहे। सूचना मिलने पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने जल प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए और जिला प्रशासन को अवगत कराकर बाढ़ रेस्क्यू टीम

बोट, लाइफ जैकेट और अन्य सुरक्षा उपकरणों के साथ मुढ़ेना पहुंची। नगर पालिका अध्यक्ष साहू स्वयं रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल रहे और दोनों कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

### 10 साल के औसत से 24.6 फीसदी ज्यादा बारिश

26 सितंबर 2026 की दैनिक वर्षा रिपोर्ट के अनुसार जिले में 1 जून से अब तक 7450.3 मिमी कुल वर्षा दर्ज की जा चुकी है। तहसीलों के औसत के आधार पर जिले में अब तक 1241.7 मिमी बारिश हुई है।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** मोरधा के यात्री प्रतीक्षालय के पास मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। ग्राम धनसुल निवासी दीपक शर्मा 24 सितंबर को बारिश होने के कारण यात्री प्रतीक्षालय के पास ग्राम मोरधा में मिथुन ध्रुव व पप्पू पटेल, शेखर के साथ रूका था, तभी हेमलाल कुर्रे ने वहां आकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### सिगरेट के रेट को लेकर विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** सिगरेट के रेट को लेकर हुए विवाद में मारपीट किए जाने के मामला सामने आया है। रिपोर्ट पर तुमगांव थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम पीढ़ी निवासी व प्रार्थी नीलकमल साहू ने रिपोर्ट लिखाई है कि 25 सितंबर की रात 8 बजे उसके दुकान में नशे के हालत में आकर करण निषाद ने सिगरेट के रेट को लेकर विवाद करते हुए गाली गलौज करने लगा। कुछ देर बाद आरोपी करण निषाद ने फिर गाली गलौच कर अपने दोस्तों को बुलाया। जिसने मुझे मेरे, भाई और मेरी भाभी को तुम सब क्या कर लोगे कहने लगा और अपने हाथ में पहने कड़े से मेरे भाई देवानंद साहू के सिर में मार दिया, जब प्रार्थी और उसकी मेरी भाभी ने छुडाने का प्रयास किया तो करण निषाद के दोस्तों चेतन निषाद, दुर्गेश निषाद, रघुवीर निषाद, देवेंद्र निषाद, परमानंद निषाद, सूर्यकांत सेन द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई। मारपीट से प्रार्थी के गर्दन, पीठ में, देवानंद साहू के सिर, गर्दन, सीने, पीठ में, कुलेश्वरी साहू के दोनों हाथ में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 190, 191(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### व्हाट्सएप स्टेटस लगाकर गाली गलौज

**महासमुंद।** व्हाट्सएप स्टेटस लगाकर गाली गलौज और फोन करके जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। ग्राम धनसुली के रेखराम पटेल ने कोतवाली थाने में दिए गए आवेदन में पुलिस को बताया कि 20 सितंबर की रात करीबन 8.57 बजे आरोपी हेमलाल कुर्रे पिता चैतूराम कुर्रे निवासी धनसुली द्वारा उसके साथ बार-बार गाली-गलौज एवं व्हाट्सएप ग्रुप में गाली, व्यक्तिगत स्टेट्स लगाकर एवं फोन करके जान से मारने की धमकी दिया जा रहा है। जिसके कारण घर में मेरी धर्मपत्नी और दो बच्चे भी मानसिक रुप से परेशान तथा डरे सहमे हुए हैं। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### लेनदेन की बात को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** पैसे के लेनदेन को लेकर एक युवक के साथ मारपीट किए जाने के मामले में सांकरा थाने में दो लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 26 सितंबर को प्रार्थी रमेश भोई पिता सकुल भोई (35 साल) परसवानी थाना सांकरा ने लिखित आवेदन पेश किया कि 24 सितंबर को दोपहर करीब 02 बजे गांव के भरत दीवान और प्रज्ञा दीवान ने रिखादादर चौक के पास उसके भाई दिनेश भोई के साथ पुराने पैसे के लेनदेन की बात को लेकर मारपीट कर दी। जब प्रार्थी ने बीच बचाव किया तो आरोपियों ने प्रार्थी के साथ भी मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 126(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### वार्षिक आमसभा आज

**महासमुंद।** महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित महासमुंद की वार्षिक आमसभा 27 सितंबर रविवार को दोपहर 2 बजे अमृत बाई हाईस्कूल परिसर स्टेशन रोड में आयोजित की गयी है। सभी सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की है। उक्त जानकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार दवे ने दी है।

## ऑनलाइन पढ़ाई कर एमबीबीएस के लिए चयनित हुए उमेश, गांव और परिवार का बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

कहते हैं यदि मन में सच्ची लगन और कड़ी मेहनत का जज़्बा हो, तो किसी भी बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। ऐसा ही कर दिखाया है बागबाहरा विकासखंड के कोमाखान तहसील के अतर्गत ग्राम लोंदामुड़ा निवासी उमेश देवांगन ने। बिना किसी बड़े शहर जाए, घर पर रहकर ही ऑनलाइन पढ़ाई के माध्यम से नीट परीक्षा में 506 अंक अर्जित कर सफलता हासिल की है। उनका चयन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दंतेवाड़ा में एमबीबीएस के लिए हुआ है। एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने

वाले उमेश देवांगन के पिता योगेश देवांगन एवं माता निर्मला देवांगन हैं। छोटे से गांव में रहने के बावजूद उमेश ने दिन-रात एक कर नीट की तैयारी की। इनके पिता ने बताया कि उमेश घर पर रहकर रोजाना 17 से 18 घंटे पढ़ाई करता था और मुश्किल से 3 से 4 घंटे ही सोता था। उन्होंने अपने मोबाइल का सही उपयोग करते हुए केवल पढ़ाई के लिए ही उसका इस्तेमाल किया। बचपन से ही डॉक्टर बनने का सपना देखने वाले उमेश देवांगन ने अपनी सफलता पर कहा कि सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता इसके लिए केवल और केवल कड़ी मेहनत ही करनी पड़ती है। अगर जीवन में कोई लक्ष्य हासिल करना है, तो इस पर पूरा फोकस रखना चाहिए। उमेश देवांगन की इस अभूतपूर्व उपलब्धि से कोमाखान ब्लॉक के ग्राम लोंदामुड़ा और उनके परिवार में हर्ष का माहौल है। क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों व ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।

**ट्रक की ठोकर से ऑटो क्षतिग्रस्तः** महासमुंद। स्कूली बच्चों को ले जा रहे एक ऑटो को ट्रक ने टक्कर मार दिया, घटना में ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया है। 25 सितंबर को उमरदा निवासी श्रीराम ध्रुव अपनी ऑटो सीजी 06 एचजी 0621 में केंद्रीय स्कूल महासमुंद एवं कन्या शाला से बच्चों को बिठाकर उनके घर छोड़ने जा रहा था। दोपहर करीब 12.10 बजे रेलवे स्टेशन रोड पींचा धर्मशाला के पास पीछे से आ रहे ट्रक क्र सीजी 04 एलडी 5963 के चालक द्वारा अपने ट्रक को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए आटो को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है, जिससे ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में ऑटो चालक एवं बच्चों को किसी प्रकार की चोट नहीं लगी है।

## नपा की शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाले ट्रेलर चालक पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका परिषद महासमुंद की शासकीय संपत्ति को क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने ट्रेलर चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। यह कार्रवाई नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर की गई है।

उल्लेखनीय है कि 22 सितंबर 2026 की सुबह नेहरू चौक पर रायपुर से ओडिशा की ओर जा रहा लोहे के पाइप से लदा ट्रेलर अनियंत्रित होकर चौक में लगे ट्रैफिक सिग्नल एवं नगर पालिका की विद्युत व्यवस्था से संबंधित ट्यूबलर पोल से जा टकराया था। हादसे में ट्रैफिक सिग्नल एवं ट्यूबलर पोल क्षतिग्रस्त हो गए थे। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं थी। विवरण के अनुसार

■ यह कार्रवाई नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर की गई, नेहरू चौक पर ट्रैफिक सिग्नल व ट्यूबलर पोल तोड़ने की है घटना

ट्रेलर क्रमांक आरजे 01 जीडी 9722 था। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि नगर की शासकीय संपत्ति जनता के धन से निर्मित होती है। किसी की लापरवाही अथवा वाहन संचालन में असावधानी के कारण सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचता है तो उसकी भरपाई की जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की तय होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा एवं रखरखाव को लेकर गंभीर है और ऐसे मामलों में नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। नगर पालिका प्रशासन द्वारा क्षतिग्रस्त ट्यूबलर पोल, एलईडी लाइट आदि की क्षति का आकलन भी कराया जा रहा है, ताकि हुई आर्थिक क्षति का निर्धारण कर नियमानुसार वसूली/ क्षतिपूर्ति की कार्रवाई की जा सके।

**खबर संक्षेप**

## लाफिनकला आंगनबाड़ी केंद्र-2 में हुआ पोषण आंगन मिलन कार्यक्रम

**महासमुंद।** आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 लाफिनकला में नौवां राष्ट्रीय पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत आंगन मिलन कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं ग्रामीण परिवारों को संतुलित आहार, पोषण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सोहद्रा साहू, ऋषि साहू एवं सहायिका झामिन निषाद, मितानिन गुलाब साहू, श्यामबाई साहू, कमलेश कुमार साहू ने उपस्थित बच्चों व गर्भवती माताओं को पोषण के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए पौष्टिक एवं संतुलित आहार को आवश्यक बताया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को हरी सब्जियां, मौसमी फल, दाल, दूध तथा अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों के सेवन के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बच्चों की नियमित देखभाल, स्वच्छता एवं स्वस्थ आदतों के महत्व पर भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बच्चों एवं उपस्थित गर्भवती माताओं व ग्रामीणों ने पोषण संबंधी जानकारी प्राप्त की और स्वस्थ एवं सुपोषित समाज बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर धनेश साहू, सुखेंद पटेल, रेणुका साहू, पंच गुंजा साहू, सविता साहू, शैल नवरंगे, लीला साहू, शोभा पटेल, परमेश्वरी पटेल सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे मौजूद रहे।

अरंड (पिथौरा)। ग्राम खैरा में भगवान गणेश की 11 दिन तक पूजा-अर्चना की गई। ग्रामवासियों द्वारा गली भ्रमण कर भगवान गणेश की प्रतिमा का तालाब में विसर्जन किया गया। इस दौरान डेरहाराम, मानसी ध्रुव, अनीता बाई ध्रुव, महेंद्र कुमार ध्रुव, खीर बाई ध्रुव, गनेसिया बाई, पूनम बाई, राधिका, गौरी रंजनी चंद्रिका आदि मौजूद रहे।

अरंड (पिथौरा)। ग्राम लामीडीह में बजरंगबली मंदिर पारा में स्थापित गणेश मूर्ति का विसर्जन किया गया। गांव में शोभायात्रा के साथ नाचते-गाते श्रद्धालुओं ने गणपति विसर्जन किया। इस दौरान शिवलाल विश्वकर्मा, मनमोहन, मुंडा, दीनू, हीरा बाई, मीना, अजय मुंडा, आनंदराम, मूलराज, अनुज, मिथुन, कमल किशोर यादव आदि मौजूद रहे।

# बैंगनडीह में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम विभाग की योजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र बैंगनडीह में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि टंकधर खमारी, आंगनबाड़ी बैगनडीह की कार्यकर्ता पंकजिनी सिदार, सहायिका रामवती सिदार, आंगनबाड़ी सेमलिया की कार्यकर्ता प्रेमा साहू, सहायिका मंजुलता, मितानिन मोंगरा चौहान, सक्रिय महिला सविता प्रधान व सरिता साहू, आंगनबाड़ी के हितग्राहियों व पालकगण उपस्थित हुए।

इस कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं द्वारा रंगोली, बच्चों द्वारा नृत्य, संगीत का प्रदर्शन किया गया। सभी विभागीय कर्मचारियों ने अपने विभाग के योजनाओं को उजागर किया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सभी को खिलौनदान और न्यौता भोज की जानकारी दी। घर घर मुनगा, हर घर मुनगा के तहत मुनगा के पौधों को लगाया गया। विशिष्ट अतिथि द्वारा बच्चों को स्वल्पाहार देकर कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

बता दें कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के समन्वय से आयोजित इस पहल का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ी माताओं, बच्चों, महिलाओं और समुदाय को पोषण, स्वास्थ्य एवं महिला कल्याण योजनाओं की जानकारी से जोड़ना तथा जनभागीदारी को मजबूत करना है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम में हितग्राही माताओं, स्वसहायता समूह की महिलाओं, बच्चों के अभिभावकों, मितानिनों तथा समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित की गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मितानिनों के योगदान को सम्मानित भी किया जा रहा है।

### महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष फोकस

स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से गर्भवती माताओं, महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण कराया भी कराया जा रहा है। महिलाओं के लिए रंगोली, मेहंदी और व्यंजन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की। महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित विभिन्न योजनाओं के हितग्राही अपने अनुभव को साझा कर पात्र हितग्राहियों का पंजीयन भी किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना की राशि का उपयोग स्वयं एवं बच्चों के पोषण पर करने वाली माताओं को 'पोषण शक्ति सम्मान' प्रदान कर योजना के लाभ को पोषण और परिवार के स्वास्थ्य से जोड़ने के साथ अन्य परिवारों को प्रेरित किया जा रहा है।

## बाढ़ में फंसे पालिका के दो कर्मचारियों को रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला: देवीचंद

**महासमुंद।** मुढ़ेना स्थित इंटकवेल में बाढ़ की चपेट में आने के कारण नगर पालिका के दो कर्मचारी तुलाराम रात्रे एवं हीरालाल पटेल कल दोपहर इंटकवेल में फंस गए थे। इसकी जानकारी मिलने पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजू चंद्राकर एवं ग्रामीण भाजपा नेता मेहराज चंद्रसेन मौके पर पहुंचे। राठी ने बताया कि भारी बारिश के चलते गंगरेल बांध के गेट खोलने से अचानक जलस्तर बढ़ गया था। उन्होंने पालिका कर्मियों से फोन पर चर्चा कर उन्हें घबराने की जरूरत नहीं होने तथा उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास किए जाने की जानकारी दी। दोनों कर्मचारियों के परिजनों से भी चर्चा की गई। एसडीएम गुप्ता से फोन पर चर्चा कर तत्काल रेस्क्यू टीम भेजने का आग्रह किया गया। एक रेस्क्यू टीम सुबह पहुंची, लेकिन नदी में पानी का बहाव अधिक होने के कारण आगे नहीं बढ़ पाई। इसके बाद दूसरी रेस्क्यू टीम पहुंची और लगभग शाम 4 बजे दोनों कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकालने में सफल रही। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा दिल्ली प्रवास में होने के बावजूद लगातार जिला प्रशासन के संपर्क में रहे। उनके प्रयासों से रेस्क्यू टीम तत्काल उपलब्ध कराई गई और दोनों कर्मचारियों को सुरक्षित इंटकवेल से बाहर लाया गया। राठी ने बताया कि नदी में बाढ़ आने के कारण इंटकवेल से फिल्टर प्लांट में पानी नहीं आ पाएगा। इसके चलते शहर की टंकियों में जलापूर्ति अस्थायी रूप से प्रभावित रहेगी। जल प्रभारी को टैंकरों के माध्यम से वार्डों में पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि, नागरिकों को कम से कम असुविधा हो।

## यूपीआई को शुल्क मुक्त रखे सरकार: आप

**महासमुंद।** डिजिटल अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुके यूपीआई लेनदेन पर भविष्य में किसी भी प्रकार का टैक्स या मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) न लगाने की मांग को लेकर खल्लारी विधानसभा प्रभारी सकील खान और प्रदेश सचिव संतोष चंद्राकर के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी बागबाहरा को ज्ञापन सौंपा। सकील खान ने बताया गया कि डिजिटल इंडिया अभियान के तहत यूपीआई आज रेहड़ी-पटरी वालों से लेकर आम नागरिकों के दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। इसके पूर्णतः निःशुल्क होने के कारण ही करोड़ों लोगों ने नकदी छोड़कर पारदर्शी डिजिटल लेनदेन को अपनाया है, जिससे देश का टैक्स बेस भी बढ़ा है। यूपीआई पर किसी भी तरह का अतिरिक्त शुल्क लगाने से आम जनता पुनः कैश इकोनॉमी की ओर लौट सकती है, जिससे सूक्ष्म एवं लघु व्यापारियों की आजीविका पर सीधा प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और इस टैक्स का भार आम नागरिकों पर ही पड़ेगा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सामान्य नागरिकों और व्यापारियों के लिए यूपीआई को हमेशा शुल्क-मुक्त बनाए रखा जाए और बैंकों व भुगतान प्रदाताओं के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पूर्व की भांति सरकारी सब्सिडी जारी रखी जाए उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा यदि सरकार इन मांगो को नही मानेगी तो आम आदमी पार्टी इस मुद्दे को लेकर जनता और व्यापारियों के साथ आंदोलन करने को बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में आम आदमी पार्टी के जिला संगठन मंत्री सकील खान, प्रदेश सचिव संतोष चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष संतोषी साहू, सखाराम, मेहत्तर राम आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सुलह समझौता के आधार पर दोनों पक्ष हुए राजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर जिले में सतत विधिक जागरूकता गतिविधियों का संचालन के साथ साथ नेशनल लोक अदालत, मध्यस्थता के महत्वों के बारे में आम नागरिकों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानों के नेतृत्व में ऐसे पक्षकरों व पीड़ितों को सुलभ न्याय दिलाने के उद्देश्य से उनके आवेदनों एवं समस्याओं का भी सुलह के आधार पर पारस्परिक समझौते तथा विवादों का शांतिपूर्ण समाधान कर विवादों का निराकरण किया जाता रहा है। विगत दिनों जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद को आवेदक द्वारा समस्या का उचित निराकरण एवं न्याय दिलाए

जाने के संबंध में आवेदन प्राप्त हुआ था। आवेदक द्वारा आवेदन के माध्यम से बताया कि ग्रामीणों द्वारा उनका बहिष्कार एवं उसके दुकान से लगे जमीन पर कब्जा किए जाने के संबंध में अनावेदकों तथा अन्य ग्रामीणों द्वारा उसके साथ गांव में बातचीत, उसके घर एवं किराने व आटे चक्की की दुकान में आना जाना बंद कर दिया था।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत उक्त आवेदन के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानों द्वारा लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम एवं प्रतिधारक अधिवक्ता की उपस्थिति में आवेदक एवं अनावेदकगण सहित ग्रामीणों को समझाइश दिया गया तथा आपसी सुलह से आवेदन का निराकरण किया गया। इस प्रकार दोनों पक्षों के मध्य मधुर संबंध स्थापित किए गए। साथ ही नालसा योजनाओं एवं मध्यस्थता के संबंध में विस्तापूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर संबंधित ग्राम के सभी वरिष्ठ ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विद्यार्थियों में नई शिक्षा नीति के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से स्नातक प्रथम सेमेस्टर के छात्र प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनईपी संयोजक डॉ. ईपी चेलक ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख प्रावधानों, उद्देश्यों एवं उच्च शिक्षा में इसके महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि एनईपी-2020 का उद्देश्य शिक्षा को अधिक विद्यार्थी-केंद्रित, बहुविषयक, कौशल आधारित, रोजगारोन्मुख एवं लचीला बनाना है। उन्होंने विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विषय एवं पाठ्यक्रम चयन की प्रक्रिया को समझाते हुए छात्र प्रतिनिधियों की भूमिका पर विशेष प्रकाश डाला। इसी क्रम में एनईपी सदस्य अजय कुमार राजा ने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम व्यवस्था एवं विद्यार्थी प्रतिनिधियों की जिम्मेदारियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों के उद्देश्य एवं महत्व को समझाया गया। साथ ही क्रेडिट आधारित पाठ्यक्रम व्यवस्था, विषय चयन तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इन पाठ्यक्रमों की भूमिका पर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रथम सेमेस्टर के छात्र प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इनमें रूपाली यादव, दिव्यांशी साहू, भावना निषाद, सागर, हीरालाल तथा सुमित देवांगन शामिल रहे।

# विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

माय भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (भारत सरकार) के माय भारत संगठन तथा ग्राम दारगांव (बागबाहरा) के संयुक्त तत्वावधान में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 25 सितंबर को विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

माय भारत की जिला युवा अधिकारी वसुंधरा साहू के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय युवाओं और स्वयंसेवकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। युवा मंडल के सदस्यों ने चलाया स्वच्छता अभियान विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के लिए पंजीयन व मार्गदर्शन कार्यक्रम के दौरान माय भारत के स्वयंसेवक

ऋतिक पहाड़िया द्वारा युवाओं को राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका से अवगत कराते हुए 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' तथा युवा मंडल विकास कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित युवाओं को 'माय भारत' पोर्टल पर सफलतापूर्वक लॉगिन एवं पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) कराया, जिससे युवा शासकीय योजनाओं व राष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों से सीधे जुड़ सकें। दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर प्रतियोगिताएं आयोजित स्वच्छता व जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भोजनाथ देवांगन, विशिष्ट अतिथि एसके रात्रि, डॉ. खिलावन पटेल, डॉ. लक्ष्मण साहू, गजानंद बुड़ेक, राज चंद्राकर, कल्यानी चंद्राकर उपस्थिति रही।

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पूनम, द्वितीय मानसी देवांगन, तृतीय पार्थिव यादव, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम झरना चंद्राकर, द्वितीय रेनू कुम्हार, तृतीयशीतल मूर्ति रहे। विचार गोष्ठी एवं पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन-दर्शन, एकात्म मानववाद तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के योगदान पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत युवा मंडल कल्पना युवा संकल्प शारदा, हरीश, कुलेश्वर, मिथलेश द्वारा परिसर एवं आसपास के सार्वजनिक स्थलों पर विशेष साफ-सफाई व स्वच्छता अभियान चलाया गया।

## राजयोगी ब्रह्मा कुमार रामनाथ का किया स्वागत

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक सस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू राजस्थान से धार्मिक प्रभाग के अध्यक्ष राजयोगी ब्रह्मा कुमार रामनाथ का एक दिवसीय महासमुंद दौरे पर आना हुआ। स्थानीय सेवाकेंद्र उपकार भवन में ब्रह्मकुमारियों ने रामनाथ को आत्मा स्मृति का तिलक लगाकर पुष्प गुलदस्ते के साथ स्वागत सम्मान किया। स्वागत के लिए विशेष गौसिया मस्जिद के सदर मोहम्मद शकील खान, गुरुद्वारा कमेटी मेंबर सोनू चावला एवं मनजीत गुरुदत्ता ने रामनाथ को पुष्पगुलदस्ते के साथ स्वागत सम्मान किया। रामनाथ ने कहा कि आज के तनाव और व्यस्त माहौल में मन और बुद्धि को परमात्मा में एकाग्र करना बहुत ही मुश्किल है। राजयोग की शिक्षा हमें सिखाता है परमात्मा को कैसे याद करना है उनसे कैसे सर्व संबंध जोड़ने है, उनसे सुख शांति की प्राप्ति कैसे करनी है।

# पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को जयंती पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देश के पूर्व प्रधानमंत्री और प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ.मनमोहन सिंह की जयंती पर शहर कांग्रेस कमेटी महासमुंद द्वारा कांग्रेस भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुरमीत चावला ने की।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला सहित उपस्थित कांग्रेसजनों ने डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चावला ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का संपूर्ण जीवन देश सेवा और जनहित के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने भारत को आर्थिक संकट से बाहर निकालकर विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के समकक्ष खड़ा करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई।

गुरमीत चावला ने कहा, वर्ष 1991 में वित्त मंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा लाए गए आर्थिक सुधारों (उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण) ने आधुनिक भारत की नींव रखी। इसके बाद प्रधानमंत्री के रूप में अपने 10 वर्षों के कार्यकाल के दौरान उन्होंने सूचना का अधिकार (आरटीआई), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), शिक्षा का अधिकार (आरटीई) और खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसे ऐतिहासिक और जन कल्याणकारी कानून देश को दिए, जिन्होंने आम नागरिकों को उनके अधिकार सौंपे।

कार्यक्रम में शहर उपाध्यक्ष डॉ

तरुण साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का दृष्टिकोण सदैव समावेशी विकास का रहा। उन्होंने केवल नीतियां नहीं बनाईं, बल्कि यह सुनिश्चित किया कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके शासनकाल में हुए कार्य आज भी देश के लिए आधारस्तंभ हैं। वहीं सेवादल जिलाध्यक्ष नितेंद्र बैनर्जी ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह की वैश्विक आर्थिक समझ का ही परिणाम था कि 2008 की वैश्विक मंदी के दौरान भी भारत की अर्थव्यवस्था पूरी तरह सुरक्षित रही। उनके नेतृत्व में देश ने आर्थिक स्वतंत्रता और समृद्धि की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति की। गोपीचंद तारक तथा अरिश अनवर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का सादगीपूर्ण जीवन, निष्ठा और शांत व्यक्तित्व राजनीति में उच्च आदर्शों की मिसाल है। उनके फैसले हमेशा दलीय राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में केंद्रित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी डॉ.मनमोहन सिंह की दूरदर्शिता और देश हित में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि एक कुशल अर्थशास्त्री से लेकर एक सफल जननेता तक का उनका सफर देश की आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, शहर महामंत्री निर्मल जैन, शहर उपाध्यक्ष डॉ तरुण साहू, शहर महामंत्री मेहूल सूचक, शहर महामंत्री देवेश शर्मा, शहर कांग्रेस सचिव गोपीचंद तारक, सेवादल जिलाध्यक्ष नितेंद्र बैनर्जी, टोमन कागजी, अनिस राजवानी, अनुराग चंद्राकर, अरिश अनवर, बसंत चंद्राकर, जीवन यादव, तुलसी देवदास, रिंकू मरकाम, असलम, कालिया मरकाम, कृष्णा सोवानी, दीनू मरकाम, भानू सोनी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सर्वसम्मति से उनके बताए मार्ग पर चलने और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## खड़सा में 11 नवंबर को सजेगी छत्तीसगढ़ी लोक कला 'दूज के चंदा की भव्य महफिल, मातर महोत्सव होगा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति और पारंपरिक कलाओं को सहेजने के उद्देश्य से आगामी 11 नवंबर को महासमुंद जिले में एक बड़े सांस्कृतिक समागम का आयोजन होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच 'दूज के चंदा का ग्राम पंचायत खड़सा (सिरपुर) में भव्य मातर महोत्सव के उपलक्ष में यह आयोजन किया जाएगा। ईतवारी महोत्सव की अपार सफलता के बाद आयोजित हो रहे इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक गीतों, नृत्यों और सांस्कृतिक विधाओं की मनमोहक प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी।

### रात्रि 10 बजे से भोर तक बहेगी संस्कृति की बयार

महोत्सव के आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम 11 नवंबर को रात्रि 10 बजे से प्रारंभ होकर अगले दिन प्रातः काल 6 बजे तक चलेगा। पूरी रात दर्शक छत्तीसगढ़ की माटी की खुशबू से सराबोर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद उठा सकेंगे। आयोजन समिति ने महासमुंद अंचल सहित समस्त छत्तीसगढ़ प्रेमियों और लोक कला के प्रशंसकों को इस भव्य महोत्सव में शामिल होने का सादर आमंत्रण दिया है।

## खबर संक्षेप

### विश्व रैबीज दिवस पर संगोष्ठी आज

**महासमुंद।** विश्व रैबीज दिवस पर पशुधन की सुरक्षा एवं पशुपालकों में रैबीज के प्रति जागरूकता बढ़ाने 28 सितंबर 2026 को प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक जिला पशु चिकित्सालय परिसर महासमुंद में 'रैबीज से बचाव ही सुरक्षा है' विषय पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अंजना नायडू ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पशुपालकों के पशुओं का रैबीज से बचाव हेतु निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही पशु चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा पशुओं को रैबीज से सुरक्षित रखने के उपाय, समय पर टीकाकरण के महत्व तथा रैबीज की रोकथाम एवं बचाव के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की जाएगी।

## निधन

### अलख राम साहू

**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह साहू पारा निवासी अलख राम साहू (62) का 24 सितंबर गुरुवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार प्रातः 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिकजन शामिल हुए। वे अगरौतीन बाई साहू के पति व डोमन साहू, किशोर साहू के पिता थे।

### बुधुराम चंद्राकर



**महासमुंद।** ग्राम साराडीह निवासी बुधुराम चंद्राकर (67) का 25 सितंबर शुक्रवार को निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार प्रातः 11 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिकजन शामिल हुए। वे नेमुनबाई चंद्राकर के पति व महेंद्र चंद्राकर के पिता थे।

# पदभार ग्रहण करते ही एक्शन में सीएमएचओ स्वास्थ्य संस्थाओं का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की स्वास्थ सेवाओं के मुखिया नवपदस्थ सीएमएचओ डॉ रामकेश्वर सिंह कुशवाहा ने पदभार ग्रहण करते ही जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खल्लारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पतालों में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, व्यवस्थाओं एवं मरीजों को प्रदान की जा रही सेवाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ कुशवाहा ने अस्पताल परिसर, ओपीडी, वार्ड, उपचार कक्ष सहित विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई, स्वच्छता व्यवस्था, मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं, दवाइयों की उपलब्धता, चिकित्सकीय सेवाओं तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली।

सीएमएचओ ने अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर विशेष गंभीरता दिखाई। उन्होंने निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर, वार्ड, ओपीडी एवं अन्य स्थानों पर नियमित एवं बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए तथा मरीजों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

डॉ कुशवाहा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी से निर्वहन करें। सीएमएचओ डॉ कुशवाहा ने कहा कि जिले के प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र में आम नागरिकों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है।

## पितृपक्ष पर सामूहिक श्राद्ध तर्पण कार्यक्रम आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय संस्कृति में पितरों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता एवं स्मरण की परंपरा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से गायत्री शक्तिपीठ बरोंडा चौक द्वारा पितृपक्ष पर सामूहिक श्राद्ध-तर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। गायत्री शक्तिपीठ की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह कार्यक्रम 27 सितंबर 2026 से 10 अक्टूबर 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक गायत्री शक्तिपीठ, बरोंडा चौक महासमुंद में आयोजित होगा।

कार्यक्रम के माध्यम से श्रद्धालु अपने दिवंगत पूर्वजों के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्राद्ध-तर्पण कर सकेंगे। भारतीय संस्कृति में पितरों का स्मरण केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि परिवार की परंपराओं, संस्कारों और पूर्वजों के प्रति सम्मान की भावना से जुड़ा हुआ है। श्रद्धा एवं भावपूर्वक किया गया तर्पण पितरों की शांति, सद्गति एवं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना का माध्यम माना गया है। गायत्री शक्तिपीठ द्वारा श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व अपना पंजीयन गायत्री शक्तिपीठ में करा लें तथा निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर सामूहिक श्राद्ध-तर्पण कार्यक्रम में सहभागी बने।

## खट्टी के आंगनबाड़ी में पोषण तिहार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत ग्राम पंचायत खट्टी के आंगनबाड़ी केंद्र 2 डीहीपारा में पोषण माह तिहार' का आयोजन किया गया। इस पोषण माह कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आंगनबाड़ी सुपरवाइजर रूपवती पारेश्वर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता धनेश्वरी साहू उपस्थित रही। इस दौरान गर्भवती, शिशुवती माताओं, किशोरी बालिकाओं तथा स्थानीय ग्रामीण महिलाओं ने बड़ी संख्या में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा परिसर के मध्य में आकर्षक रंगोली सजाई गई, जिसके चारों ओर पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थों, हरी पत्तेदार सब्जियों, फल, अंकुरित अनाज, नारियल और स्थानीय पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। रंगोली के माध्यम से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और स्वास्थ्य संबंधी संदेश भी दिए गए। स्वास्थ्य एवं संतुलित आहार की दी गई जानकारी कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को कुपोषण से बचाव और संतुलित आहार के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए सही उम्र में सही पोषण अत्यंत आवश्यक है। पोषण प्रदर्शनी स्थानीय स्तर पर उपलब्ध भाजी, मौसमी फल, दानेदार अनाज और पौष्टिक खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन कर उनके लाभ बताए गए। माताओं को परामर्शः नवजात शिशुओं के लिए पहले 6 महीने तक केवल स्तनपान और तत्पश्चात सही ऊपरी आहार देने की सलाह दी गई। इस दौरान मितानिन गणेशी बाई साहू, डिगेश्वरी साहू, मेनका पटेल, मानकी पटेल, खेजीबाई ठाकुर, सुशीला पटेल आदि पस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से किया गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में गणेश प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गणपति की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और गणपति बप्पा के जयकारों के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन तालाबों किया गया। इस दौरान युवाओं, बच्चों, महिला में उत्साह देखने को मिला।

### स्मृति के छत्तीसगढ़ प्रभारी बनने से भाजपा संगठन को मिलेगा नया अनुभव और ऊर्जा : तुषार

**महासमुंद।** भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को छत्तीसगढ़ भाजपा का प्रदेश प्रभारी तथा राष्ट्रीय मंत्री सिद्धार्थ शंभू को सह-प्रभारी बनाए जाने पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू ने हर्ष जताया है। तुषार ने कहा कि स्मृति ईरानी का व्यापक राजनीतिक, प्रशासनिक एवं संगठनात्मक अनुभव छत्तीसगढ़ भाजपा के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन से प्रदेश संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होगा। उन्होंने कहा कि स्मृति ईरानी के अनुभव और सिद्धार्थ शंभू के संगठनात्मक सहयोग से प्रदेश भाजपा को निश्चित रूप से नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।

### बृजराज प्राथमिक शाला में हुआ न्योता भोज

**महासमुंद।** पीएमश्री शासकीय बृजराज प्राथमिक शाला में रेवाराम साहू एवं जानकी साहू के सुपुत्र ईशान साहू कक्षा दूसरी के जन्मोत्सव पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी भोपाल बंजारा ने सभी बच्चों को शाला परिसर में अपने जन्मदिन के अवसर पर एक पेड़ लगाने का आह्वान किया गया। विद्यालय परिवार ने न्योता भोज की सराहना की।

### सरस्वती शिशु मंदिर में गूंजा राष्ट्रीय गीत का संपूर्ण छंद

**बिरकोनी।** सरस्वती शिशु मंदिर अछरीडीह में राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वंदे मातरम (राष्ट्रीय गीत) के संपूर्ण छंदों का गायन विद्यालय के छात्रों एवं अतिथियों ने किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के संयोजक सेवानिवृत्त प्राचार्य सेजेस तुमगांव डोमार सिंह दीवान के मुख्य आतिथ्य, हेमलाल साहू के विशेष आतिथ्य में भारत माता के छायाचित्र में दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। विद्यालय के छात्रों और अतिथियों ने वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के संपूर्ण छंदों का सस्वर गायन किया। प्रधानाचार्य मैथिलीशरण ठाकुर ने वंदे मातरम के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए वंदे मातरम महत्व का वाचन करते हुए कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा विरचित यह पावन गीत देश पर शीश चढ़ाने वाले आजादी के मतवालों के लिए प्रेरणा गीत रहा है। डोमार सिंह दीवान ने इस गीत के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह गीत वंकिम चंद्र द्वारा 7 नवंबर 1875 में लिखा गया था और उनके प्रसिद्ध उपन्यास आनंद मठ में शामिल किया गया था पर 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा ने इसके खंडित छंदों को राष्ट्रीय गीत की मान्यता दी। कार्यक्रम के पर्यवेक्षक मानिक सोनवानी ने कहा कि आज वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत को 150 वर्ष पूर्ण हो चुका है।

# मोटर-साइकिल सह आइस बॉक्स योजना से राकेश के मछली व्यवसाय को मिला विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सेवा संकल्प की भावना के अनुरूप शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ा रही हैं। जिले के ग्राम तुमगांव निवासी राकेश धीवर की सफलता इसी बदलाव की एक कहानी है, जहां मत्स्य विभाग की मोटर-साइकिल सह आइस बॉक्स योजना ने उनके पारंपरिक मछली व्यवसाय को विस्तार देने और परिवार की आय बढ़ाने का अवसर प्रदान किया है।

## सौर ऊर्जा के उपयोग से मिल रही आर्थिक राहत : उषा

इसी प्रकार सेवा भाव को आगे बढ़ाते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। जिले में अब तक 8,651 नागरिकों ने योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है, जिनमें से 4,885 हितग्राही योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। इमली भाठा निवासी उषा साहू ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के माध्यम से उन्हें नियमित और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध हो रही है। सोलर पैनल स्थापित होने के बाद उनके बिजली बिल में काफी कमी आई है, जिससे परिवार की आर्थिक बचत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा का उपयोग उनके परिवार के लिए आर्थिक रूप से राहत देने वाला साबित हुआ है। यामिनी यदु ने बताया कि योजना के माध्यम से सोलर पैनल स्थापित कराने पर शासन से सब्सिडी मिली, जिससे स्थापना का खर्च कम हुआ।



## सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र में नेवता भोज और महिलाओं का सम्मान

**महासमुंद।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में संचालित आंगन मिलन सेवा के दूसरे दिन जिले के 176 आंगनबाड़ी केंद्रों में उत्साह और जनभागीदारी के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में महासमुंद शहरी सेक्टर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक-11 स्थित सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र में नेवता भोज एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, हितग्राहियों एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता कर बच्चों के साथ खुशियां साझा की। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद मीना वर्मा, पार्षद ओमिन कागजी, सारिका यादव, मैना कोशले, तोमन कागजी एवं सेक्टर सुपरवाइजर अधिकारी शीला प्रधान उपस्थित रहे। इस अवसर पर सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता सावित्री रजक तथा महतारी वंदन योजना की हितग्राही पदमनी यादव का श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।

## चर्चा : शिविरों को जनसुविधा का प्रभावी माध्यम बनाने के निर्देश

# सेवा सेतु अभियान और दान उत्सव की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सेवा सेतु अभियान एवं आगामी दान उत्सव की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अनुपमा आनंद सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित मैदानी अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

कलेक्टर ने सेवा सेतु अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरों को जनसुविधा का प्रभावी माध्यम बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर के पूर्व संबंधित ग्रामों में मुनादी कराकर लोगों को शिविर की जानकारी दें तथा व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। पात्र हितग्राहियों से शिविर के पूर्व भी आवेदन प्राप्त किए जा सकते हैं और शिविर के दिन उनका निराकरण किया जाए। उन्होंने शिविरों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने तथा संबंधित विभागों के मैदानी अमले की अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सेवा सेतु शिविरों में केंद्र एवं राज्य सरकार की 26 प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए जाएं। संबंधित विभाग अपने-अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी वाले पंपलेट एवं प्रचार सामग्री का वितरण करें, ताकि आमजन को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया और पात्रता की जानकारी आसानी से मिल सके। सभी विकासखंड में 20 से 25 गांवों का क्लस्टर बनाकर 1 अक्टूबर, 03, 05 एवं 06 अक्टूबर को शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें सेवा सेतु अभियान के लिए संबंधित विकासखंड के अनुविभागीय अधिकारी नोडल अधिकारी एवं संबंधित जनपदों के जनपद पंचायत सीईओ सहायक नोडल अधिकारी होंगे।

### 2 से 8 अक्टूबर तक मनाया जाएगा दान उत्सव

बैठक में 2 से 8 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले दान उत्सव की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को दान उत्सव को जनभागीदारी का अभियान बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके लिए रेडक्रॉस के सहयोग से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इन शिविरों में केन्द्र एवं राज्य शासन के 26 महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने नागरिकों को अंगदान और देहदान के लिए भी जागरूक एवं प्रोत्साहित करने को कहा। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए खिलौना दान, जरूरतमंदों के लिए वस्त्र दान, तथा शिक्षा दान के अंतर्गत पुस्तकें दान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। साथ ही जरूरतमंद युवाओं को रोजगारपरक बनाने की दिशा में कौशल विकास के लिए योगदान देने की अपील की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि दान उत्सव केवल सामग्री दान तक सीमित न रहकर समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी क्षमता के अनुसार सेवा और सहयोग से जोड़ने का माध्यम बने। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# कसेकेरा में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर किया गायन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान नई दिल्ली सरस्वती ग्राम गंगा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसेकेरा प्रकल्प में नमामि भारतम के तहत राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर गायन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक शर्मा सहायक यंत्री सीएसपीडीसीएल कोमाखान, मुख्य वक्ता आदित्य कुमार साहू जिला प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला महासमुंद, अध्यक्षता नंदकुमार चंद्राकर व्यवस्थापक स.ग्रा. गंगा उच्.च. माध्य. विद्या. कसेकेरा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, ऊं, सरस्वती मां के छायाचित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात ठीक 11 बजे राष्ट्रगीत वंदेमातरम का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि वंदेमातरम का सामूहिक गायन का मुख्य उद्देश्य केवल गायन तक सीमित न होकर देश की युवा पीढ़ी को इस राष्ट्रगीत की ऐतिहासिक यात्रा राष्ट्रीय महत्व और स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणादायी विरासत से जोड़ना है। मुख्य वक्ता ने भी कहा कि छंद और स्वरूप इस मूलगीत में कुल छह पद है, ऐतिहासिक रूप से इसके शुरूआती दो पदों को राष्ट्रगीत के रूप में अधिकारिक मान्यता दी गई है, जो भारत की प्राकृतिक सुंदरता और सुजलाम सुफलाम स्वरुप का वर्णन करते हैं। कार्यक्रम का रुपरेखा संस्था प्रमुख वीरेंद्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में हुआ। साथ ही छात्रावास अधीक्षक दिनेश कुमार साहू ने वंदेमातरम के विषय में अपनी बात रखकर विस्तृत जानकारी दी गई। मंच संचालन रूपेंद्र कुमार साहू द्वारा किया गया। वर्षा बाधित होने पर भी पालक, छात्र छात्राएं आचार्य आचार्या बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम में अपना सहभागिता सुनिश्चित किए। इस कार्यक्रम का आभार व्यक्त संस्था के वरिष्ठ आचार्य हेमलाल यादव द्वारा किया गया। मीना लाल चक्रधारी द्वारा वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी, बैनर व पोस्टर तकनीकी रूप से किया गया। अंत में शांति पाठ कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### गढ़फुलझर मिडिल स्कूल में गूंजा वंदे मातरम

**बसना।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर गढ़फुलझर संकुल केंद्र अंतर्गत मिडिल स्कूल में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत का गायन किया। विद्यालय परिसर में सभी ने अनुशासन एवं श्रद्धा के साथ एक स्वर में वंदे मातरम गाकर राष्ट्रप्रेम और मातृभूमि के प्रति सम्मान की भावना व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को राष्ट्रगीत के ऐतिहासिक महत्व तथा राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और देश की गौरवशाली परंपरा से परिचित कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी में राष्ट्र के प्रति सम्मान एवं जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम बसना बीईओ बद्रीविशाल जोलहे, एबीईओ कंवर, बीआरसीसी अनिल सिंह साव, नोडल प्राचार्य दिनेशचंद्र डडसेना एवं सीएसी अरुण प्रधान के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इसमें नरेंद्र पटेल, शरण कुमार दास, कृष्ण किशोर यादव, गोकुल प्रसाद नंद, रोहित साहू, यज्ञसेनी हरिपाल, जीतेन भोई मौजूद रहे।

### अनंत चतुर्दशी पर बारिश के फुहारों के बीच डीजे के साथ निकली बप्पा की विसर्जन यात्रा

**नर्रा।** क्षेत्र में गणेशोत्सव के समापन अनंत चतुर्दशी पर भगवान गणेश की विसर्जन की दौर जारी रहा। जिसमें समिति द्वारा गणपति की प्रतिमाओं को भक्तिमय वातावरण में ट्रैक्टर, पिकअप में विराजमान कर गणपति बप्पा मोरइया अगले बरस तू जल्दी आ का जयकारे लगाये और श्रद्धालुओं ने बप्पा की भक्ति में नाचते गाते नजर आए। दस दिनों तक पूजा-अर्चन करने के बाद गाजे-बाजे और डीजे की थाप पर श्रद्धालु बप्पा की प्रतिमाओं के साथ निकली विसर्जन यात्रा बारिश के बावजूद युवाओं, महिलाओं और बच्चों में गजब का उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में शामिल होकर भगवान विघ्नहर्ता को जोंक नदी व तालाब में विसर्जित किया गया।

# महाविद्यालय में वाणिज्य परिषद का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

प्राचार्य शिवगोपाल रात्रे के मार्गदर्शन में शासकीय खे.ल. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा में वाणिज्य परिषद का गठन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य बीरेंद्र सिंह ठाकुर थे एवं अध्यक्षता प्रमुख ग्रंथपाल डॉ. लक्ष्मण सिंह साहू ने की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि इस महाविद्यालय में वाणिज्य की स्नातकोत्तर की कक्षा नब्बे के दशक में प्रारंभ हो गई थी। आज इतने वर्षों में वाणिज्य विभाग के बहुत से पूर्व छात्र कई प्रतिष्ठित क्षेत्रों में ऊंचे पदों में पदस्थ होकर महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे है। अतः आप सभी विद्यार्थियों का दायित्व बनता है कि आप सभी कठोर मेहनत करे और ऊंचे पदों में पदस्थ होकर अपने महाविद्यालय का नाम रोशन करें। अध्यक्षता कर रहे डॉ.लक्ष्मण सिंह साहू ने कहा कि विगत वर्षों से वाणिज्य विभाग के विद्यार्थी विश्वविद्यालय के मेरिट में आकर महाविद्यालय को गौरवान्वित कर रहे है। अतः आप सभी का दायित्व है कि आप भी मेरिट में आकर इस परंपरा को बनाए रखें। इसके लिए कठोर मेहनत एवं अनुशासन की आवश्यकता होती है। विभागाध्यक्ष वाणिज्य गजानंद बुड़ेक ने अतिथियों के समक्ष विगत वर्ष के वाणिज्य विभाग के उपलब्धियों की जानकारी दी और इस वर्ष में होने वाले गतिविधियों के बारे में बताया। इसमें अध्यक्ष परमजीत कौर, उपाध्यक्ष नरेश कुमार देवांगन, सचिव तनमय गजपाल, सहसचिव रिया सेवई, कार्यकारिणी सदस्य आरती ठाकुर, साधना साहू, सत्यजीत ठाकुर, संजना बांधे, इंद्र कुमार मन्नाडे शामिल है। पदाधिकारों को गोपनीयता की शपथ मुख्य अतिथि बीरेंद्र सिंह ठाकुर ने दिलाया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के अतिथि प्राध्यापक डॉ.दीपक चंद्राकर, उमा साहू के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### महामाई तालाब में पितृ तर्पण आज से

**महासमुंद।** स्थानीय महामाई तालाब में पितृ तर्पण कार्यक्रम का आयोजन 27 सितंबर से महामाया मंदिर समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है। पितृ पक्ष में पितृ तर्पण का कार्य प्रतिदिन सुबह 7:30 से 8:30 तक नगर पुरोहित पंकज तिवारी द्वारा विधि विधान से संपन्न कराया जाएगा। जानकारी देते हुए पं. तिवारी ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति पितृ तर्पण के लिए सफेद धोती, गमछा, तिल, जौ, चावल व सफेद फूल लेकर पहुंचने कहा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि 2 अक्टूबर से महामाया मंदिर में ही सुबह पितरों के नाम से भागवत पारायण भी होगा, इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते हैं।

### चुनावी प्रक्रिया पर जहां सवाल वहां निष्पक्ष जांच और पुनः चुनाव हो: रश्मि

**महासमुंद।** जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व जिलाध्यक्ष एवं कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री डॉ. रश्मि चंद्राकर ने निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर सामने आ रहे आरोपों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र में चुनाव केवल सरकार बनाने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह जनता के मत और जनादेश की पवित्रता से जुड़ा संवैधानिक अधिकार है। यदि चुनावी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठते हैं और निर्वाचन आयोग की भूमिका को लेकर संदेह व्यक्त किए जाते हैं, तो इन सवालों का जवाब राजनीतिक दलों को नहीं बल्कि स्वयं निर्वाचन आयोग को देना चाहिए। डॉ. रश्मि ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल से संबंधित चुनावी प्रक्रियाओं और मतदाता सूची को लेकर विपक्ष द्वारा गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। हाल के विवाद में निर्वाचन आयोग के भीतर निर्णय प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठे हैं। मीडिया रिपोर्टों में निर्वाचन आयुक्तों द्वारा कुछ निर्णयों पर आपत्तियां दर्ज किए जाने का दावा किया गया है, जबकि निर्वाचन आयोग ने इन दावों को खारिज करते हुए निर्णयों को सर्वसम्मत बताया है। डॉ. रश्मि ने कहा कि कांग्रेस लगातार यही मांग करती रही है कि निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह हो। उन्होंने निर्वाचन आयोग से अपील की कि राजनीतिक बयानबाजी से ऊपर उठकर सभी आरोपों का बिंदुवार जवाब दिया जाए और देश के मतदाताओं के सामने पूरी स्थिति स्पष्ट की जाए।

# गड़बेड़ा में वंदे मातरम 150वीं की वर्षगांठ पर हुआ सामूहिक गायन का आयोजन

**अरंड (पिथौरा)।** विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर गड़बेड़ा में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ वंदे मातरम गायन कर 150वीं वर्षगांठ मनाया गया। यह कार्यक्रम पूरे भारत देश में विद्या भारती द्वारा आयोजित सभी सरस्वती शिशु मंदिर की तरह ग्राम गड़बेड़ा के सरस्वती शिशु मंदिर में भी एक साथ सुबह 11 बजे एक स्वर, एक लाय, एक ताल में वंदे मातरम का सामूहिक गायन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

मुख्य अतिथि सरपंच बूंदा बाई नायक रही। अध्यक्षता मोहित राम यादव उपसरपंच एवं विशेष अतिथि संतराम साहू, लाला नाग रहे। सर्वप्रथम मां भारती के छायाचित्र के पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंम किया गया

25 सितंबर की सुबह 11 बजते बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, पूर्व छात्र, पूर्व आचार्य साथ गांव के लोगों ने बारिश में भींगते हुए पूरा तीन मिनट तक सम्पूर्ण वंदेमातरम गायन किया। मुख्य वक्ता सरपंच प्रतिनिधि लोकनाथ नायक ने वंदेमातरम की इतिहास को बातते हुए कहा कि वंदेमातरम गीत की रचना बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा की गई थी और इसे भारत का राष्ट्र गीत के रूप दर्जा प्राप्त है। यह गान सरस्वती शिशु मंदिर में संपूर्ण गायन होता है, जिसकी झलक आज पूरे भारत देश में देखने को मिला। प्रस्तावना के रूप में भगवान दास यादव ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य टीका राम पटेल, पूर्व आचार्या संतोषी नाग, बेबी रश्मि साहू, अमित अवस्थी, हीरा मरकाम, लक्ष्मी पटेल, समिति सदस्य परशु राम प्रजापति, लेकश साहू, रामसजीवन साहू, संजय कुमार पटेल, खोमन लाल ध्रुव, राहुल बघेल, संतोष निषाद, दिनेश निषाद, राधिका पटेल, विश्वासा मानिकपुरी, कविता निर्मलकर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचलन पूर्व प्रधानाचार्य टीकाराम पटेल एवं आभार प्रदर्शन एवं कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा विद्यालय के संयोजक हेमलाल पटेल ने किया।